an>

Title: Need to set up storage facilities for onions in Rashidpura in Sikar parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर)ः सीकर में राजस्थान राज्य की सबसे उत्तम प्याज की पैदावार होती है। उत्पादन की दृष्टि से यह जिला पूरे प्रदेश में दूसरे नम्बर पर आता है। यहाँ की प्याज मीठी होती है। उसमें पानी की माँग अधिक होती है जिस कारण उचित भण्डारण न होने के कारण जल्दी खराब होने की समस्या रहती है। पिछले कई वर्षों से सीकर के रसीदपुरा में प्याज मण्डी का प्रस्ताव चल रहा है। मैं भी इस विषय को इस पवित्र सदन में उठा चुका हूँ। प्याज के भण्डारण के बिना किसान को भारी मात्रा में आर्थिक हानि हो रही है। ऐसी परिस्थिति में शीघ्र सीकर के रसीदपुरा में प्रस्तावित प्याज मण्डी की स्थापना करायी जाए।